प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.05.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अलग–अलग देशों में उच्च स्तरीय चर्चा कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कोलंबिया की राजधानी बोगोटा पहुंचा जहां शशि थरूर ने भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादियों में से एक की अंतिम यात्रा में पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराध करने वाले आतंकवादियों और उन्हें धन उपलब्ध कराने, प्रशिक्षित करने, हथियार देने और उन्हें सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करने वालों के बीच मिलीभगत को दुनिया देख रही है।

## मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण भारत की तर्ज पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और प्रदेश के प्रमुख शक्तिपीठों चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, नयना देवी और चामुंडा मंदिर के अलावा बाबा बालक नाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में उनकी सुविधा के लिए सरकार उचित कदम उठा रही है।

## जय हिन्द सभा

प्रदेश कांग्रेस ऑपरेशन सिंदूर और सन् 1962, 1971 व कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देने वाले प्रदेश के जांबाजों के सम्मान में शिमला में आज जय हिन्द सभा कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व सैनिक व शहीदों के परिजन भाग लेंगे।

**नड्डा टीबी बैठक**

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश **नड्डा** ने कल आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में तपेदिक और खसरा. रूबेला उन्मूलन पर हुई प्रगति, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन और 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत धन के उपयोग की समीक्षा की गई। जे पी **नड्डा** ने बताया कि सौ दिवसीय गहन टीबी. मुक्त भारत अभियान के दौरान लगभग 13 करोड़ लोगों की टीबी के लिए जांच की गई और देशभर में 7 लाख 19 हजार से अधिक टीबी रोगियों की पहचान की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने तपेदिक के खिलाफ लड़ाई में अधिक से अधिक जन भागीदारी का आह्वान किया।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में आज मौसम ने फिर करवट बदली है और सुबह की शुरूआत झमाझम बारिश के साथ हुई। राजधानी शिमला सहित कुल्लू, चंबा, सोलन और अन्य जिलों में सुबह जमकर बारिश हुई जबकि जनजातीय जिला किन्नौर में आसमान पर घने बादल छाए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने आकाशवाणी को बताया कि आगामी चार जून तक प्रदेश भर में मौसम के इसी तरह बने रहने और 31 मई और पहली जून को भारी बारिश के साथ आंधी और ओलावृष्टि का अनुमान है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिला के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम में आए इस बदलाव से प्रदेश में लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली है।

**कोरोना सर्तकता**

हिमाचल के साथ लगते राज्यों में एक बार फिर कोरोना के मरीज मिलने के बाद प्रदेश में भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। चम्बा जिला में कोरोना के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जालम भारद्वाज ने बताया कि जिले में अभी तक कोरोना का कोई भी मामला सामने नहीं आया है लेकिन एहतियातन स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर मुस्तैद है।

............................